बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

10 मार्च 2023

[**शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी**].

Total Short Notice Question- 5

बहाली कबतक

*55 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य भर के कुल 7755 उच्च माध्यमिक स्कूलों में वाणिज्य संकाय की पढ़ाई होती है, इसमें मात्र 2112 स्कूलों में ही वाणिज्य के शिक्षक हैं, शेष 5,643 स्कूलों में वाणिज्य के शिक्षक नहीं हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इसका असर इंटर वाणिज्य संकाय में नामांकन पर भी पड़ रहा है पिछले तीन सालों में 2020 में 75,662 विद्यार्थी, 2021 में यह घटकर 74,024 हो गई और 2022 में मात्र 61,083 विद्यार्थी ने ही नामांकन लिया;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार बोर्ड द्वारा प्रत्येक साल वाणिज्य संकाय में सीटों की संख्या तमाम स्कूलों में बढ़ाई जाती है लेकिन ज्यादातर स्कूलों में आधी सीट भी नहीं भर पाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में कॉमर्स (वाणिज्य) शिक्षकों के बिना चल रहे 5,643 स्कूलों में वाणिज्य शिक्षकों को अविलम्ब बहाल करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

पत्र निर्गत कबतक

***56 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सूबे के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षण-कार्य व्यवस्था से मुक्त कर अन्य विभागों में प्रतिनियुक्त किया गया है, जो छात्रहित में सही नहीं है, विभागीय स्तर से भी इस बाबत कई बार पत्र निर्गत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि शिक्षकों के साथ-साथ लिपिकों एवं परिचारियों की भी प्रतिनियुक्ति उनके मूल विभाग से अन्य विभागों में कर दी गई है जिसके कारण विद्यालयी कार्य भी प्रभावित होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे सभी शिक्षकों, लिपिकों एवं परिचारियों की सूची सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों से उपलब्ध कराने हेतु पत्र निर्गत करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

प्लेसमेंट पर विचार

***57 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में प्लेसमेंट के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना के कई विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल तक गठित नहीं है, जिससे छात्र-छात्राओं को नौकरी में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में कमिटी गठित कर प्लेसमेंट कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

प्रोन्नति का लाभ

***58 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राजकीयकृत/परियोजना उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत नियमित सहायक शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना के अन्तर्गत 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष पर प्रोन्नति की सुविधा प्रदान की जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित विद्यालयों में स्वीकृत नियमित सहायक शिक्षकों के सभी रिक्त पद पंचायती राज संस्थाओं के अन्तर्गत नियुक्त होने वाले शिक्षकों के पद पर संपरिवर्तित हो रहे हैं और अब नियमित सहायक शिक्षकों की जगह केवल पंचायती राज संस्थाओं के अन्तर्गत शिक्षक नियोजित हो रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या राज्य सरकार उक्त खंड में वर्णित विद्यालयों में पंचायती राज संस्थाओं के अन्तर्गत नियुक्त शिक्षकों/ पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए भी सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना के अन्तर्गत 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष पर वेतन प्रोन्नति की सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

STET परीक्षा कबतक

***59 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पंचायती राज संस्थान के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति **STET** परीक्षा पास करने के बाद होती है;

(ख) क्या यह सही है कि संगीत विषय एवं पुस्तकालयाध्यक्षों के **STET** परीक्षा, 2011 के बाद नहीं हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संगीत विषय एवं पुस्तकालयाध्यक्षों के **STET** परीक्षा लेने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?